


4वां ब्लड डोनेशन कार्यक्रम, सिलेक्ट सिटीवॉक, साकेत में दोपहर 12 बजे से।



हिंदी कॉमेडी नाटक किस्सों का चौबारा का मंचन, लोक कला मंच, लोदी इंस्टीट्यूशनल एरिया में शाम 5 बजे से।



दि डांस ऑफ इंडिया एंड ऐलन सोलो आर्ट शो, बीकानेर हाउस, पंडारा रोड में शाम 6.30 बजे से।



इंग्लिश नाटक फ्लेश का मंचन, दि लिटिल थियेटर ग्रुप ऑडिटोरियम, मंडी हाउस में शाम 4 बजे से।



यामा कंटेम्पररी डांस शो, ऐलियांस फ्रेंचाइज में शाम 7 बजे से।

# ऐसी होती है प्लास्टिक बोतल की जिंदगी

**पानी की बोतल खरीदने वाले प्लास्टिक की भी कीमत चुकाते हैं, लेकिन पर्यावरण को क्या कीमत चुकानी पड़ती है? बोतल बनाने, भरने, लेबल लगाने, ट्रांसपोर्ट, गोदाम में रखने और उसे निबटाने का खर्च काफी है. बोतलों को तैयार करने से लेकर उनके निपटारे तक ऐसी होती है पूरी प्रक्रिया-**



### पानी के लिए तेल

ज्यादातर बोतलें पॉलिएथीलीन टेरेफ्थलेट (पीईटी) प्लास्टिक से बनती हैं, जिसके लिए खनिज तेल की जरूरत होती है. तेल की निकासी में तो ग्रीन हाउस गैसें बनती ही हैं, प्लास्टिक के उत्पादन में भी जहरीली गैसें निकलती हैं. तेल को इस रिफायनरी जैसे कारखानों तक पहुंचाना भी पड़ता है.

### कच्चा माल

साफ तेल को उत्पादक तक पहुंचाया जाता है, जो उससे प्लास्टिक के छोटे टुकड़े बनाता है. बोतल बनाने वाले इस कच्चे माल को गला कर प्रोटोटाइप बनाते हैं. बोतलों में पेय भरने वाली कंपनी उसे गर्म कर असली रूप में लाती है. रिसाइक्लिंग में बोतलों से प्लास्टिक के छोटे टुकड़े बना दिए जाते हैं.

### औद्योगिक उत्पादन

बॉटलिंग प्लांट में प्रोटोटाइपों को असल रूप देकर साफ किया जाता है और फिर उसमें पानी या दूसरा पेय भरा जाता है. बोतल को सील कर उस पर लेबल लगाया जाता है और ट्रांसपोर्ट के लिए पैकेजिंग की जाती है. सैक्सनी के इस प्लांट में हर रोज 15 लाख लीटर पानी और सॉफ्ट ड्रिंक भरा जाता है.

### तेलरहित विकल्प

मक्का या गन्ने जैसे पदार्थों से बने बायोप्लास्टिक से भी बोतलें बनाई जा सकती हैं. इस तरह का प्लास्टिक नष्ट किया जा सकता है और उसे इस्तेमाल के बाद कम्पोस्ट में गलने के लिए डाला जा सकता है. लेकिन वह भी पर्यावरण के लिए ठीक नहीं. इसे बनाने में खेत के अलावा बहुत अधिक पानी लगता है.

### पर्यावरण को नुकसान

पानी की बोतलों के ट्रांसपोर्ट में भी संसाधनों की बर्बादी होती है. कुछ मामलों में तो हर बोतल के ट्रांसपोर्ट पर एक लीटर तेल खर्च होता है. कम से कम 25 फीसदी बोतलों का ट्रांसपोर्ट एक से दूसरे देश में होता है. ट्रांसपोर्ट के दौरान पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाला कार्बन डाई ऑक्साइड निकलती है.

### संसाधनों की कमी

पैसिफिक इंस्टीट्यूट के अनुसार पानी की एक लीटर की बोतल बनाने पर कम से कम तीन गुना पानी खर्च होता है. इसकी वजह से जिन इलाकों में बॉटलिंग प्लांट हैं, उनमें जलस्तर सामान्य से नीचे जा सकता है. इसका खामियाजा इलाके के लोगों को पानी की कमी के रूप में भुगतना पड़ता है.

### सागरों को खतरा

यूरोप में हर साल इस्तेमाल हो रही बोतलों का आधा यानि छह करोड़ प्लास्टिक बोतलों की रिसाइक्लिंग होती है. बाकी कचरा बन जाता है जिसे कूड़े की जगहों पर या पानी में फेंक दिया जाता है. उसे नष्ट होने में सैकड़ों साल लगेंगे. सागर पहुंचने वाला प्लास्टिक जीव जंतुओं के लिए भी खतरा बन जाता है.

### प्लास्टिक से पैसा

जर्मनी में डिपोजिट सिस्टम है. लोगों से बोतल खरीदते समय कुछ पैसा जमा करवा लिया जाता है जिसे वापस लेने के लिए वे बोतलों को वापस सुपर बाजार में लाते हैं और इन मशीनों में बोतलों को डालकर आम तौर पर 25 सेंट जमा राशि वापस पाते हैं. प्लास्टिक की बोतलें बेचने वाला हर दुकानदार उसे वापस लेने को बाध्य है.

### बोतलों का ढेर

अमेरिका पानी की बोतलों का सबसे बड़ा खरीदार है. लेकिन चीन तेजी से उसके करीब पहुंच रहा है. वहां हर साल अरबों बोतलें बनाई और खरीदी जाती हैं. इसमें 1.8 करोड़ टन खनिज तेल का इस्तेमाल होता है. बढ़ती मांग के साथ चीन में इस्तेमाल हो चुके बोतलों का पहाड़ भी बढ़ रहा है.

### नई जिंदगी

रिसाइकिल हुए प्लास्टिक के छोटे टुकड़े बना दिए जाते हैं, जिनसे दूसरे उत्पाद बनते हैं. उनमें से एक फ्लीस है, लोकप्रिय होता सिंथेटिक कंबल.

# इस सीजन पैस्टेल्स के साथ जीवन में रंग भरिए!

### होम-डेकोर

सीजन के साथ घर को नया लुक देने की कोशिश में आपके सबसे बड़े मददगार साबित होंगे हम! जी हां, आज हम आपको बताएंगे कि इस मौसम में आप अपने पूरे घर को स्टाइलिश टच कैसे दे सकती हैं। पारुल मित्तल, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं डिजाइन, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने कहा, 'पूरी दुनिया में फैशन वीक्स में कॉन्ट्रास्ट पैस्टल्स तथा पेपी मैटेलिक्स की भरमार है। हर ट्रेंड रंगों, चमक और ढेर सारे पैटर्न्स से भरी कहानी कहता है। इस सीजन के फैशन ने शानदार नया अपडेट एवं नई प्रेरणा दी है।'

उनकी कुछ सलाह सादे वनीला लुक के बजाय पैचवर्क एवं टेक्सचर्स पर फोकस करती हैं। उन्होंने उबाऊ नीरस लुक में कुछ शानदार चमक बिखेरने का भी सुझाव दिया है। फ्लोरिंग पर चमकदार वॉल सर्वश्रेष्ठ है जब इसे सही लाइटिंग के साथ मिलाया जाता है और यह इसे अत्यधिक खूबसूरत बना देगी। विभिन्न प्रकार के प्रिंट्स एवं पैटर्न्स का उपयोग करें और एक कलर को अपना मुख्य रंग बनाएं। इसे स्ट्राइप्ड रंग, एक्सेंट पिलोज और अपहोल्स्ट्री जैसे स्ट्राइप्ड कुशंस एवं एक्सेंट डिटेल्स से मिश्रित करें।

**सादे को बेकार न जाने दें - इसे पैच कर लें!**

इस सीजन पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा टेक्सचर और पैच देखे गए। आपके सादे इंटीरियर को नियॉन एसेंट्स, बोल्ड कलर्स तथा सॉफ्ट पैस्टल्स के साथ पैच का टच दें। रचनात्मक टेक्सचर्स, कलर्स एवं पैटर्न्स के साथ एसेंट्स वॉल डिजाइन होम डेकोरेशन के नए ट्रेंड हैं। पैचवर्क फ्लोर डिजाइन आपके पर्सनल स्पेस को अतिरिक्त स्टाइल स्टेटमेंट दे सकता है। इसे पैस्टेल पिंक रोज क्वार्ट्ज तथा पावडर ब्लू सेरेनिटी के शुगरी-स्वीट सेलेक्शन के साथ मिलाइये और अपने बेडरूम के रनवे फील को बेहतर बनाइए। वॉर्म एवं सुकूनभरे पैस्टेल्स जैसे पीच एवं क्रीम की सहजता को बोल्ड पैटर्न जैसे फ्लोरल, गिंघम चेक या असममित स्ट्राइप्स के साथ प्रदर्शित कीजिए। उदाहरण के लिए सिग्नेचर वुड टेक्सचर्ड



वॉल के साथ स्टेटमेंट बनाएं और अपने इंटीरियर को बहुत शांत अहसास तथा प्राकृतिक चमक दीजिए; इसे सिग्नेचर होम ज्वेलरी जैसे ग्रीक वास या लैंपशेड के साथ सजाएं और अपने पर्सनल स्पेस को खूबसूरत पहचान दें। अपनी सिग्नेचर वॉल की खूबसूरती वार्म मेटल्स जैसे रोज गोल्ड, ब्रास, कॉपर और गोल्ड के द्वारा बढ़ाएं। विनीयर्ड वुड काफी स्थिर और खूबसूरत होती है और पर्यावरण की तरह लगती है। यह विविध डिजाइन्स एवं पैटर्न्स में आती है। ये न केवल प्राकृतिक लुक देती हैं, बल्कि इन्हें रंगबिरंगे तरीकों से प्रयोग किया जा सकता है। आप टीक या वॉलनट पसंद करते हों या वूडन इंटीरियर में वाइल्ड स्मोकी लुक, डेकोरेटिव विनीयर्स हर रूप में बहुत खूबसूरत लगते हैं। इसे डेकोरेटिव विनीयर्स के साथ पैच करें और अपनी कल्पनाओं को विनीयर्ड वुड के विभिन्न टेक्सचर्स में स्वतंत्र उड़ान भरने दें।

**ब्लिंग इज द न्यू किंग!**

क्या कभी आपने विशेष टॉप के साथ टैन चमड़े की स्कर्ट पहनी है? क्या आप तड़क-भड़क पसंद करने








वाली रानी हैं? तो किसी को भी अपनी चमक कम न करने दें; यदि आप अपने अंदर की चमक अपने फर्श या दीवारों पर दिखाना चाहती हैं, तो इसे चमकदार लाख या वार्निश्ड वुड के साथ इसे सजाएं। आपको अपने लिविंग रूम्स में सिग्नेचर ग्लॉसी वॉल चाहिए। इसे कुछ एंटीक ज्वेलरी जैसे क्रंच वास, बुद्ध के चेहरे, ग्लास लैंटर्न और बैलिनीज छतरी से सजाएं और कुछ स्टेटमेंट फर्नीचर जैसे लेदर आर्म चेयर या चमड़े के सोफे द्वारा इसकी खूबसूरती बढ़ाएं। अपने घर को स्वयं कैनवास बनने दें।

एक ग्लॉसी वॉल या फ्लोरिंग तब सर्वश्रेष्ठ होती है, जब इसे सही लाइटिंग से सजाया जाए, क्योंकि इसी से पूरा खेल बदल जाता है। शानदार प्रकाश के साथ मोहक छवि और आरामदायक वातावरण पैदा कीजिए। लिविंग रूम्स अब मल्टीपर्पज स्पेस बन गए हैं, जो टेलीविजन देखने से लेकर रीडिंग, डाईनिंग तथा मनोरंजन के लिए भी प्रयोग किए जाते हैं। अपनी ग्लॉसी वॉल या फर्श या अपने बुकशेल्फ या अपने टैन लेदर काउच और सीक्वेंस्ड कुशन की खूबसूरती बढ़ाने के लिए एसेंट लाइटों का प्रयोग करें। इसे क्लासी टच देने के लिए किसी एक हिस्से को बाकी के स्पेस के मुकाबले ज्यादा चमकदार बनाइए। टेबल लैंप बेडरुम के मामले में इसके लिए बहुत अच्छे होते हैं, क्योंकि वो अंदर की ओर प्रकाश फेंकते हैं, जिससे कमरा अधिक खूबसूरत और आरामदायक लगता है। क्लास एवं स्टाइल के मामले में ग्लॉसी लैमिनेट सर्वश्रेष्ठ होते हैं; यह व्यापक रंगों में आते हैं- जिनमें विचित्र पैस्टेल से लेकर वाईल्ड ओक, रॉ वॉलनट एवं अनटेम्ड टीक शामिल हैं। ये स्क्रैच और खरोंच व क्षरण प्रतिरोधी भी हैं। लैमिनेट्स अपील और मेंटेनेंस के मामले में सबसे अच्छे होते हैं।

**आइए, एक कहानी सुनिए!**

फैशन आपके आंतरिक रूप को स्टाइल में प्रतिबिंबित करने का तरीका है। अपने भीतर छिपे डिजाइनर को तलाशिए और अपनी दीवारों को एक कहानी के अनुसार कस्टमाइज कीजिए, जो आप हमेशा कहना चाहते हैं। यह हमेशा मैचिंग या कलर को-ऑर्डिनेटेड होना जरूरी नहीं है। अपनी कल्पनाओं को स्वतंत्र उड़ान दीजिए और अपने बेडरुम एवं लिविंगरुम को विभिन्न स्टाईल्स के श्रेष्ठ मिश्रण के साथ सजाइए। विभिन्न प्रिंट और पैटर्न का प्रयोग करें और एक रंग चुन लें। इसे स्ट्राइप्ड कुशन और एसेंट डिटेल्स जैसे स्ट्राइप्ड रग, एसेंट पिलो तथा अपहोल्स्टरी के साथ मिलाएं। उदाहरण के लिए, गोल्डन या बोल्ड यलो कलर्ड ड्रेप्स के साथ टुर्क्वाईज के काफी हल्के शेड और बोल्ड एसेंट के नीचे की ओर ब्राउन एसेंट का प्रयोग करें। एक दीवार चुनकर उसे अपनी कहानी कहने दें, चाहे पिक्चर्स, इलस्ट्रेशन, कहावत या फिर आर्टवर्क के द्वारा। दुनिया डिजिटल हो रही है। अपने भीतरी डिजाइनर को ग्रीनलैम के डिजिटल लैमिनेट्स के साथ टेक्नॉलॉजी का खुलकर प्रयोग करने दें। इससे आपको लैमिनेट्स को अपना खुद का डिजाइन, पिक्चर्स, इमेज या आर्टवर्क निर्मित करने में मदद मिलेगी। चाहे आप लेदर पसंद करते हों या ब्वॉय बैंड के फैन या फिर चाहे आप अपने घर को अपने पर्सनल स्टाइल की पहचान बनाना चाहें, तो इन डिजिटल लैमिनेट्स के द्वारा अपने पर्सनल स्पेस को ऐसे मंच में बदल दें, जिससे आपकी कहानी, आपकी भावनाएं या आपका स्टाइल प्रदर्शित होता हो। यहां की हर चीज में आपका प्रतिबिंब होना चाहिए, यह एक याद बन जाना चाहिए, इसमें एक विचार और ढेर सारी भावनाएं होना चाहिए। तो आपके घर को अपने बारे में बताने दीजिए।

## राशिफल ›› पंडित कृष्ण कुमार





### आज का पंचांग

*शनिवार तदनुसार बैसाख कृष्ण पक्ष एकादशी रात के 2.05 मिनट तक उसके बाद द्वादशी।*
*नक्षत्रः शतभिषा रात के 2.32 बजे तक उसके बाद पूर्वाभाद्रपद।*
*संवत-2074,*
*शकसंवत-1939,*
*दिशा शूल- पूरब*
*राहुकाल-9.02 से 10.40*

*मेष-आर्थिक मामलों में उन्नति*
*वृष - रोजी व रोजगार में प्रगति*
*मिथुन-सावधान रहने की जरूरत*
*कर्क-आपका भाग्य आपके साथ रहेगा*
*सिंह-मान, सम्मान में वृद्धि*
*कन्या-साझेदारी के कार्यो में लाभ*
*तुला- मानसिक उर्जा में वृद्धि*
*वृश्चिक- पारिवारिक समस्याओं में उलझे रह सकते हैं*
*धनु- शनि खर्चो में वृद्धि करा सकता है*
*मकर- स्थानान्तरण होने की सम्भावना*
*कुम्भ-मान-प्रतिष्ठा का लाभ मिल सकता है*
*मीन-कार्य व व्यापार में वृद्धि होगी*

## इतिहास में आज का दिन



1906 यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई।
1915 प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
1921 नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से त्यागपत्र दिया।
1931 मिस्त्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1970 दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
1983 अंतरिक्ष यान सोयूज टी-8 पृथ्वी पर लौटा।
1992 मैक्सिको में सीवर गैस विस्फोट में करीब 200 लोगों की मौत हुई।
2004 उत्तरी कोरिया के रिंगचोन में पेट्रोलियम से लदी ट्रेनों की टक्कर हो जाने से 150 से अधिक लोगों की मौत हुई।
2012 लंदन मैराथन के दौरान एक 30 वर्षीय महिला प्रतिभागी की अचानक गिरकर मौत हुई।